STD: IV II Language

PAGE No.
DATE: / /

28/10/25

# November Month Portion and Notes

## Portion:

कविता : 10. मोटे लाला जी

पाठ : 12. दुश्मन पर विश्वास न करें

व्याकरण : पाठ : 9. समूहवाचक शब्द

पाठ : 12. रचनात्मक लेखन

अनुच्छेद लेखन : * मेरा मनपसंद मौसम
* मेरा प्रिय मित्र

अपठित गद्यांश : Pg. no. 101 and 103

गतिविधि : A4 - Sheet में अपनी मित्र के बारे में चार वाक्य लिखिए।

## Notes:

कविता : 10. मोटे लाला जी

i. कविता (1-8 पंक्तियाँ लेखन कार्य)

ii. शब्दार्थ

Pg. no. 58

iii. मौखिक अभ्यास [प्रश्न - उत्तर लेखन कार्य]

क. लाला जी कैसे थे और क्या खाते थे?

उत्तर: लाला जी बहुत मोटे थे और वे केले खाते थे।

Scanned with OKEN Scanner

ख) लाला जी ने केला खाकर क्या किया ?

उत्तर: लाला जी ने केला खाकर मुँह बिचकाया और फिर अपनी छड़ी उठाकर कदम आगे बढ़ाया था।

ग) लाला जी कैसे गिर पड़े ?

उत्तर: लाला जी का पैर जैसे ही केले के छिलके पर पड़ा, वे फिसलकर नीचे धड़ाम से गिर पड़े।

घ) इस कविता से हम क्या सीख सकते हैं ?

उत्तर: इस कविता से हमें केले के छिलके तथा अन्य कूड़ा इधर-उधर न फेंकने की शिक्षा मिलती है।

IV लिखित अभ्यास :-

1. नीचे लिखे वाक्यों का जवाब 'हाँ' या 'ना' में लिखिए :-

क) लाला जी ने केला खाया था। हाँ

ख) लाला जी ने केला खाकर छिलका कूड़ेदान में फेंका था। नहीं

ग) केले के छिलके पर पैर पड़ते ही लाला जी गिर पड़े थे। हाँ

घ) लाला जी गिरकर हँसे थे। नहीं

२. दिए गए वाक्यों को सही क्रम दीजिए :-
क) लाला जी ने केला खाकर मुँह बिचकाया। ग
ख) नीचे गिर पड़े धड़ाम। क
ग) लाला ने एक दिन केला खाया। ख
घ) मुँह से उनके निकला - हाय राम। घ

3. नीचे लिखे शब्दों से वाक्य बनाइए :-
क) कदम - लालाजी ने छड़ी उठाकर आगे कदम बढ़ाया।
ख) केला - रामू को केला बहुत पसंद है।
ग) मिठाई - मोहन को मिठाई बहुत पसंद है।
घ) छड़ी - दादा जी छड़ी की सहायता से चलते हैं।

27/10/25 पाठ : १२. दुश्मन पर विश्वास न करें

I. शब्दार्थ :
Pg. no. 71

PAGE No.
DATE: / /

1. मौखिक अभ्यास [नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए]

क. जंगल में कौन रहता था ?

उत्तर: जंगल में एक भेड़िया रहता था।

ख. भेड़िए ने किसका शिकार किया ?

उत्तर: भेड़िये ने एक बहुत बड़े पशु का शिकार किया था।

ग. क्या सारस ने भेड़िए की सहायता की ?

उत्तर: हाँ, सारस ने भेड़िए की सहायता की थी।

घ. हमें किस पर भरोसा नहीं करना चाहिए ?

उत्तर: हमें अपने दुश्मनों पर कभी भरोसा नहीं करना चाहिए।

1. III लिखित अभ्यास : [नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए]

क. भेड़िया कहाँ रहता था ?

उत्तर: भेड़िया एक घने जंगल में रहता था।

ख. भेड़िए के गले में क्या अटक गया था ?

उत्तर: भेड़िया के गले में माँस खाते समय एक बड़ी-सी हड्डी अटक गई थी।

ग. भेड़िए की सहायता किसने की ?

Scanned with OKEN Scanner

उत्तर: भेड़िये की सहायता सारस ने की थी।

घ. सारस को सहायता करने का क्या फल मिला?

उत्तर: भेड़िये ने अपनी मदद करने के लिये सारस को धन्यवाद तक नहीं दिया, बल्कि उसे खाने के लिए उस पर झपट गया।

ङ. सारस ने भेड़िए के गले से हड्डी कैसे निकाली?

उत्तर: सारस ने अपनी लम्बी चोंच भेड़िये के मुँह में डालकर अटकी हुई हड्डी को निकाला।

२. नीचे लिखे वाक्यों का जवाब 'हाँ' या 'ना' में लिखिए :-

उत्तर क). हाँ (उत्तर: ख) नहीं

उत्तर: ग) नहीं (उत्तर: घ) हाँ

३. कहानी के आधार पर इन वाक्यों को सही क्रम दीजिए :-

क) भेड़िए के गले में एक बड़ी-सी हड्डी अटक गई। ☐

ख) सारस ने अपनी लंबी चोंच से भेड़िए के गले में फँसी हड्डी निकाल दी। ☐

ग) भेड़िए ने किसी बड़े पशु का शिकार किया। ☐

Scanned with OKEN Scanner

PAGE No
DATE

घ. भेड़िए ने सारस से प्रार्थना की कि वह उसकी सहायता करे। ☐

ङ. भेड़िए ने झपटकर सारस को खाना चाहा। ☐

व्याकरण : [शब्द समूह को जोड़कर अर्थपूर्ण वाक्य बनाइए]

* मैं आम खाता हूँ।
* वह आम खाता है।
* तुम केला खाते हो।
* तुम सब केला खाते हो।
* तुम लोग केला खाते हो।
* तुम तीनों केला खाते हो।
* हम खीर खाते हैं।
* हम लोग खीर खाते हैं।
* हम सब पूरी खाते हैं।
* हम दोनों पूरी खाते हैं।

व्याकरण : पाठ: 9. समूहवाचक शब्द

I. कुछ समूहवाची शब्दों को जानो।

– Pg.no. 72

PAGE No.
DATE: / /

## आओ कुछ करें

1. चित्र देखकर समूहवाची शब्द लिखो।

क) बंडल (ख) ढेर (ग) गुच्छा

घ) गट्ठर (ङ) पंक्ति (च) गुच्छा

2. उपयुक्त शब्द से रिक्त स्थान भरो :-

उत्तर: क) दल

ख) बंडल

ग) श्रृंखला

घ) ढेर

ङ) गुच्छा

च) रेवड़

3. वर्ग पहेली से समूहवाची शब्द ढूंढकर उपयुक्त स्थान पर लिखो :-

उत्तर: क) मंडली

ख) लच्छी

ग) पंक्ति

घ) गड्डी

ङ) भीड़

च) गट्ठर

Scanned with OKEN Scanner

PAGE No.
DATE / /

4. समूहवाची शब्द किसे कहते हैं? उदाहरणसहित लिखो :-

उत्तर: ऐसे शब्द जो अलग-अलग वस्तुओं या प्राणियों के समूह के लिए प्रचलित हैं, उन्हें समूहवाची शब्द कहते हैं। उदाहरण - लोगों की भीड़, पुलिस की टुकडी, घुड़सवारों का दल, आदिवासियों का कबीला।

अनुच्छेद लेखन :-

1. मेरा मनपसंद मौसम

* मेरा मनपसंद मौसम वसंत है।
* इस मौसम में प्रकृति सबसे सुंदर रूप में होती है।
* इससे पहले शीत ऋतु होती है।
* इस मौसम में पेड़ों से पत्ते झड़ जाते हैं।
* वसंत ऋतु में पेड़ों पर नई पत्तियां आने लगती हैं।
* आम के वृक्ष बौरों (मंजरी) से लद जाते हैं।
* कोयल की कूक सुनाई देने लगती है।
* खेतों में सरसों के पीले फूल लहराते और बागों में रंग-बिरंगे फूल दिखाई पड़ते हैं।

Scanned with OKEN Scanner

## मेरा प्रिय मित्र

2 मेरा प्रिय मित्र अमित है। उसका घर मेरे घर के पास है। हम दोनों रोज साथ खेलते हैं। उसके और मेरे परिवार के बीच अच्छे संबंध हैं। अमित स्वभाव से बहुत शांत लड़का है। उसका आत्मविश्वास और उत्साह गजब का है। उसकी वाणी में मधुरता है। मैंने कभी उसे किसी के साथ लड़ते-झगड़ते नहीं देखा। खेल में हार जाने के बाद भी वह कभी दुखी नहीं होता। वह हर काम समय पर करता है। मेरे घर के किसी भी समारोह में वह हाथ बँटाता है। मुझे अपनी दोस्ती पर गर्व है।

अपठित गद्यांश

1. Pg. no: 101 in book

PAGE No.
DATE: / /

2. दिए गए अपठित गद्यांशों को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :-

उत्तर.क) गुलाब का बाग राजस्थान में है।

उत्तर.ख) इसका निर्माण 1850 के आसपास महाराजा सज्जन सिंह ने करवाया था।

उत्तर.ग) इसे सज्जन निवास उद्यान के नाम से भी जाना जाता है।

उत्तर.घ) गुलाब बाग के आसपास चिड़ियाघर, सरस्वती भवन पुस्तकालय और संग्रहालय है।

उत्तर.ङ) गद्यांश का उचित शीर्षक है — "गुलाब बाग"

[ Complete the book back exercises also

Scanned with OKEN Scanner